(ग) उपर्युक्त (ख) को ध्यान में रखते हुए इस स्थिति में क्रम सं० 2 और 3 के मामलों में कर्मचारियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई शुरू नहीं की जा सकती । क्रम सं० 1 के मामले में अभी जिम्मेदारी निर्धारित नहीं की गई है और मामले की जांच की जा रही है ।

Transfer of Telephones among Blood Relations

1948. SHRI K. M. KHAN : Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state :

(a) whether some instructions of M. T. N. L. exist for transfer of telephone connections among blood relations ;

(b) if so, the details of formalities to be undertaken by the transferer and charges to be paid by transferee ;

(c) whether some existing instructions in MTNL provide transfer of telephone connections in favour of persons having no blood relations ; and

(d) if so, the details of formalities to be undertaken by the transferer and charges to be paid by the transferee ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI SUKH RAM) : (a) Sir, Instructions for transfer of telephones are issued by Department of Telecom which are followed in all the circles/Districts/MTNL. There is a provision for transfer of telephone among blood relations subject to fulfilment of certain conditions under transfer rules.

(b) All transfers will be carried out after receipt of application duly signed by both transferer and the transferee except in the case of the death of the hirer when it will be signed by the transferee only. The application should be accompanied with certificates indemnifying the Telecom Department against future claims and agreeing to pay all the previous dues etc.

In all bonafide cases of transferer, an amount of Rs. 100 per connection will be charged.

(c) There is a provision for transfer of a telephone in favour of a person who is not a blood relative which is covered under third party transfer rules.

(d) All transfers will be carried out after receipt of applications only signed by both transferer and transferee. The Application should be accompanied by a certificate indemnifying the Department of Telecom, against any future claims and agreeing to pay all previous dues, if any, etc.

In case of telephones sanctioned under N-OYT (General/Special) category the advance deposit will be refunded to the transferer after deduction of outstanding dues. The transferee will make the payment of advance rental and bi-monthly rental as applicable to telephones provided under N-OYT General category.

In case of telephones sanctioned under OYT scheme the balance of advance deposit will be refunded to the transferer after deduction of out-standing dues. The transferee will make payment of proportionate advance deposit for the remaining period under the scheme.

In addition to above a non-refundable transfer fee of Rs. 500/- will be collected from the transferee.

अल्मोड़ा के बासोट डाकघर की जमा योजनाओं की समीक्षा

1949. **श्री राजनाथ सिंह** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या डाक-विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत डाकघरों की जमा योजनाओं की समय-समय पर कोई समीक्षा की जाती है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि अल्मोड़ा जिले के बासोट डाकघर की जमा योजनाओं की कभी समीक्षा की गई है ;

(ग) यदि हां, तो कब तथा उसमें क्या खामियां पायी गयीं ;

(घ) क्या यह भी सच है कि उपरोक्त डाकघर में "किसान विकास पत्र", "इन्दिरा विकास पत्र" एवं "प्रधान मंत्री ग्रामीण महिला जमा योजना" जैसी सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं ;

(ङ) यदि हां, तो विभाग द्वारा संबंधित डाकखाने के डाकपाल के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है ; और

(च) इस डाकघर में उपरोक्त जमा योजनाओं की सुविधा कब से शुरु कर दिये जाने की संभावना है ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) :

(क) से (ग) डाक विभाग डाकघर बचत बैंक का कार्य वित्त मंत्रालय के एक एजेंसी कार्य के बतौर निष्पादित करता है और ग्रामीण क्षेत्रों में डाकघर-वार बचत योजनाओं की कोई पुनरीक्षा नहीं करता है ।

(घ) बासोट डाकघर में महिला समृद्धि योजना और इन्दिरा विकास पत्र योजना उपलब्ध हैं, किन्तु यह डाकघर किसान विकास पत्रों की बिक्री के लिए प्राधिकृत नहीं है ।

(ङ) प्रश्न नहीं उठता ।

(च) जब कभी औचित्य पाया जाएगा, इस डाकघर को किसान विकास पत्रों की बिक्री के लिए प्राधिकृत किया जाएगा ।